# यू.पी.ई.एस. ने लीड सिंगर दलेर मेहंदी के साथ रिलीज किया म्युजिक वीडियो

चण्डीगढ़,11 मार्च (स.ह.): अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर यू.पी.ई.एस. ने 'झांसी की रानी' से प्रेरित म्युजिक वीडियो रिलीज किया।

जाने-माने गायक दलेर मेहंदी द्वारा गाये गए इस वीडियो का टाईटल है 'आज की रानी' जिसमें संगीत के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की अभिव्यक्ति की गई है। यह वीडियो भारत की आधुनिक महिलाओं की क्षमता एवं धैर्य का जश्न मनाता है। गीत के बोल हाइड्रोकार्बन एजुकेशन रीसर्च सोसाइटी के चेयरमैन डॉ शरद मेहरा ने और संगीत निशांत रा ने दिया है।